## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईदुज्जुहा का पर्व

# एक रोटी कम खाए, बच्चों को इल्म दिलाए : नायब-ए-मुफ्ती







जबलपुर।

मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मुसाहिद रजा हज यात्रा पर है। लिहाजा रानीताल ईदगाह में उनकी जगह उनके बेटे नायब-ए-मुफ्ती जियाउल हक कादरी ने ईदुज्जहा की तकरीर पेश की। नायब-ए-मुफ्ती ने मुस्लमानों को ईदउलजुहा पर्व की महत्ता बताते हुए संदेश दिया कि इल्म हासिल करना जरुरी हैं। इल्म हासिल करने से आपको इज्जत मिलती है जो कि दौलतमंद को भी नहीं मिल पाती। इसी से इज्जत और रौब हासिल होता है। भले ही एक रोटी कम खाना पड़े, लेकिन बच्चों को हर हाल में इल्म दिलाए। नायब-ए-मुफ्ती ने ईदुज्जहा पर की गई व्यवस्थाओं का प्रशासन का आभार जताया।

नमाजोपरांत ईदुज्जुहा का खुत्बा पढ़ा गया। नायब-ए-मुफ्ती ने मुल्क में अमन शांति और खुशहाली के लिये दुआ की। बाद नमाज लोगों ने आपस में गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की। ईदगाह के प्रवेश द्वार पर विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, पार्षद अमरीश मिश्रा सहित अन्य नेताओं ने ईद की मुबारकबाद पेश की। जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना के अवकाश पर होने कारण ईदुज्जहा की बधाई देने प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचे। पुलिस की व्यवस्था जरुर चाक चौबंद रही।

### अल्लाह-हो-अकबर........

नायबे मुफ्ती जियाउल हक कादरी ने ईदुज्जुहा की नमाज अदा कराई। लगभग 50 हजार मुस्लिमों ने ईद की नमाज अदा की। ईदगाह में अल्लाहो अकबर की गूंज पर हजारों सर एक साथ सजदे में झुक गये। खुदा की बंदगी का यह नजारा काबिले दीद था।

### सुबह से चहल पहल

प्रातः काल से ही ईदगाह कलॉ रानीताल में नमाजियों का आगमन शुरु हो गया था। आसपास के गांव देहातों से भी बड़ी संख्या में नमाजी ईदगाह पहुंचे। जो पहले आये वे अगली सफों में बैठे। देर से आने वालों को पिछली कतारों में जगह मिली। धीरे धीरे पूरी ईदगाह नमाजियों से भर गई। ईदगाह के अंदर निर्मित हाल के नीचे ऊपर तथा कमरों की छतों पर भी नमाजी पहुंच गये।

### मोमिन ईदगाह गोहलपुर

ईदुज्जुहा के मौके पर मोमिन ईदगाह गोहलपुर में सुबह 08 बजे हजारों की तादाद में मुस्लमानों ने ईदुज्जुहा की नमाज अदा की। हाफिज मोहम्मद ताहिर ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाजियों की विशाल तादाद में मद्देनजर ईदगाह के सामने मुख्य सड़क तथा उर्दू स्कूल के मैदान तक नमाज अदा करने वालों की लंबी कतारें लगीं थीं। अल्लाहो अकबर की गूंज के बीच नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की। नमाजोपरांत लोगों ने आपस में गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की।

### उपनगर गढ़ा ईदगाह.

उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा स्थित ईदगाह काजी मुहल्ला में क्षेत्रीय मुस्लिमों ने ईदुज्जुहा की नमाज अदा की। हाफिज मो फहीम अशरफी ने ईद की नमाज अदा कराई। नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय मेडिकल कालेज चिकित्सालय में सेवारत मुस्लिम कर्मचारियों तथा अध्ययनरत मुस्लिम विद्यार्थियों ने भी गढ़ा ईदगाह में ईदज्जुहा की नमाज अदा की। अन्य धर्मावलंबियों ने भी मुस्लिम बंधुओं से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं।

### शिया जामा मस्जिद

फूटाताल स्थित शिया जामा मस्जिद जाकिर अली में प्रातः 10 बजे शिया मुस्लिमों ने ईदुज्जुहा की नमाज अदा की। नमाजोपरांत शिया बंधु आपस में गले मिले तथा एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। शिया बहुत क्षेत्र बेलबाग टोरिया में दन भर ईद की चहल पहल रही।

### मुस्लिम बहुल्य क्षेत्र

ईदुज्जुहा के मौके पर मुस्लिम बहुल्य क्षेत्र मंडी मदार टेकरी स्थित जमा मस्जिद अहले कुरैश सहित अन्य मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में मुस्लमानों ने ईद की नमाज अदा की। आगा चौक स्थित हजरत मिर्जा आगा मोहम्मद साहब की दरगाह, सुब्हानबाग, तथा मदन महल दरगाह शरीफ स्थित मस्जिद गौसुलवारा नूरानी में ईदुज्जुहा की नमाज अदा की गई। उपनगरीय क्षेत्र रामपुर, अधारताल, सतपुला, रांझी, खमरिया एवं व्हीकल स्टेट मस्जिद में भी बड़ी तादात में मुस्लिमों ने ईदुज्जुहा की नमाज अदा की।

### बकरों की कुर्बानी

ईदुज्जुहा बकरीब के मौके पर सक्षम मुस्लिमों ने सुन्नते इब्राहीमी की यादगार में बकरों की कुर्बानी पेश की। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में दिन भर खुशी और हर्षोल्लास का माहौल रहा। मोतीनाला ग्राउंड, चार खंबा, बहोराबाग, मदार टेकरी, गढ़ा, मुजावर मुहल्ला में लगे झूलों पर बच्चों के साथ बड़ों ने भी लुत्फ उठाया। मुस्लिम इलाकों में ध्वनि विस्तारकों पर दिन भर कलाम गूंजते रहे।

# नर्मदा को जीवित ईकाई घोषित करने की मांग



**जबलपुर।** संकल्प भूली मध्यप्रदेश सरकार 3 मई 2017 को कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन के माध्यम से की गयी सिफारिश कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा माँ नर्मदा को जीवित ईकाई घोषित करने संबंधी शासकीय संकल्प सरकार द्वारा लिया गया था जिसे तात्कालीन पर्यावरण मंत्री अंतर सिंह आर्य द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत किया था जिसे एक मतेन पारित किया गया, परंतु 7 वर्ष व्यतीत होने के बाद भी आज तक मूर्तरूप दिया नहीं जा सका, क्या सरकार इतने महत्वपूर्ण मुद्दे को भूल गयी? उपरोक्त आरोप लगाते हुये नर्मदा संरक्षण परिषद ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर संकल्प को पूरा करने का आग्रह किया है, कुछ दिवस पूर्व पर्यावरण विदों ने नर्मदा क्षेत्र की दुर्दशा पर चिंता जाहिर करते हुये यह आशंका व्यक्त की है कि आगामी 25 वर्षों में नर्मदा की धारा पतली हो सकती है कहीं कहीं यह टूट भी सकती है, संरक्षण परिषद के सदस्यों ने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार सतपुड़ा के घनें जंगलों की बेहताशा कटायी चल रही है इसके अतिरिक्त अमरकंटक के उद्गम स्थल से लेकर मध्यप्रदेश की सीमा तक छोटे बड़े नाले नाली नर्मदा को प्रदूषित कर रहे हैं, वहीं कई कारखानों का अपशिष्ट जल भी नर्मदा में मिल रहा है। संयोजक मनीष शर्मा ने बताया कि केन्द्रीय तथा राज्य की कुछ योजनाओं के तहत 70 करोड़ रूपये से अधिक नर्मदा संरक्षण हेतु आवंटित किये गये, 2016 में हजारों की संख्या में नर्मदा के किनारे वृक्षारोपण में अरबों रूपये खर्च कर दिये गये परंतु इसका कोई लाभ नहीं मिला। संरक्षण परिषद के राजेन्द्र अग्रवाल, जयनारायण अग्रवाल, रामकिशोर चौरसिया, प्रफुल्ल सक्सेना, राकेश चक्रवर्ती, गोपाल पाराशर, सौरभ जैन, ब्रजेश चतुर्वेदी, मयंक राज, अंकित गोस्वामी, सेवेन्द्र बर्मन, विनोद पाण्डेय आदि सदस्यों ने सरकार से आगामी आने वाले विधानसभा सत्र में नर्मदा को जीवित ईकाई घोषित करने संबंधी शासकीय संकल्प को विधेयक बनाने हेतु मांग की है।



## पीयूष वर्मा सूचना अधिकार संगठन के उपाध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर।** सूचना अधिकार संगठन नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पटेल द्वारा पीयूष वर्मा को सूचना अधिकार संगठन मप्र के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।

# राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जीते 8 गोल्ड मेडल



**जबलपुर।** 52 वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता बिलाबॉन्ग एकेडमी के तैराकों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए 46 मेडल हासिल करने में सफल रहे, एकेडमी की अंतराष्ट्रीय तैराक मानवी श्रीवास्तव ने 8 गोल्ड एवं तीन सिल्वर, दो ब्रॉन्ज, कबीर बल्हारा ने एक गोल्ड तीन सिल्वर और एक ब्रॉन्ज, शारन्या सिंह ने दो सिल्वर व चार ब्रॉन्ज, सेरा दुबे ने दो ब्रॉन्ज, रिशिक तिवारी ने एक ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया, प्रतियोगिता में अनाया राव, गौरीका जैन, तृषा दुबे, अंगद कपूर, शौर्य पटेल, हरलव सिंह, गौरांग गुप्ता का प्रदर्शन सरहानीय रहा एवं रिले रेस में 20 मैडल जीतकर कर संस्कारधानी का नाम उज्वल किया, जिला तैराकी प्रतियोगिता के पश्चात ही सभी तैराक 8 घंटे का प्रतिदिन कड़ा प्रशिक्षण अपने कोच पंकज स्वामी फैडरेशन अध्यक्ष संजय पटेल (राजू ) के निरक्षण में लगातार प्राप्त कर रहे थे, जिसका ये परिणाम है तैराकों की इस सफलता पर कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, बरगी विधायक नीरज सिंह, एकेडमी चेयरमैन अर्पिता मालवणी स्विमिंग फैडरेशन अध्यक्ष संजय पटेल (राजू) द्वारा बच्चो को पुरुस्कृत किया गया, आगामी भुवनेश्वर में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



## संत रविदास वंशीय समाज के वैवाहिक सम्मेलन में 36 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

**जबलपुर।** संत रविदास वंशीय समाज के द्वारा आज मानस भवन में परिचय एवं वैवाहिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 8 विधानसभा क्षेत्र से 36 जोडे आये वह विवाह के बंधन में बंधे। रविदास समाज के बच्चे एवं बच्चियों के द्वारा शिक्षा जगत में अच्छे अंक अर्जित करने पर सभी छात्र, छात्राओं को मंच पर बुलाकर समाज सेवी प्रशान्त अग्रवाल के द्वारा चेक एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत सुखदेव बघमरे पुना, अतिथि रामदयल शास्त्री, महापौर जगत बहादुर अन्नू , राजेन्द्र चौधरी, संजीत अहिरवार, आरडी दास अहिरवार, रोशन अहिरवार, महेश चौधरी, अरविंद चौधरी, सुशील अहिरवार, राममूर्ति मिश्रा, शरद अग्रवाल आदि समाज सेवियों ने समाज के लिए अमूल्य सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## नगर परिषद भेड़ाघाट में जल गंगा संवर्धन योजना कार्यक्रम संपन्न



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में स्थित विभिन्न जल स्त्रोतों, नदी, तालाब, कुआं, बावड़ी के संरक्षण संवर्धन तथा पुनर्जीवन हेतु दिनांक 5 जून से 16 जून 2024 तक नमामि गंगे अभियान प्रारंभ किया गया, जिसमें नगर परिषद भेड़ाघाट में जल गंगा संवर्धन योजना के तहत 16 जून 2024 को दीनदयाल पार्क में पेड़ लगाकर एवं सरस्वतीघाट में श्रमदान, साफ सफाई, संरक्षण आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम विधायक नीरज सिंह, अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, पूर्व अध्यक्ष महेश तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे, पार्षद अजय पटेल, विधायक प्रतिनिधि ओमनारायण दुबे, मंडल अध्यक्ष धीरज पटेल, मालती व्यास, रघुवीर व्यास, की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया।

## अध्यापक संवर्ग की प्रथम व द्वितीय क्रमोन्नति शीघ्र जारी की जाए : मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन एवं प्रांतीय सचिव दिनेश गोंड ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की शासकीय लोक सेवकों के 12 वर्ष, 24वर्ष पूर्ण हो जाने पर क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ दिया जाता है जिसका शासन के द्वारा दिनांक 05/10/2023 के पत्र क्रमांक 1550/2537/2023/नियम/चार भोपाल के निर्देश दिए लगभग 8 माह बीत जाने के बावजूद आज दिनांक तक क्रमोन्नति के आदेश जारी नहीं किए जा सके है जिससे लोकसेवकों को आर्थिक रूप से नुकसान हो रहा हैजिसके कारण अध्यापक संवर्ग में रोष व्याप्त है संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन , जियाउर्रहीम , दिनेश गोंड, हेमंत ठाकरे, रऊफ खान, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, विनोद सिंह, सुधीर अवधिया,एनोस विक्टर, आसाराम झारिया, फिलिप एंथोनी, गोपी साह, मनीष मिश्रा, संतोष चौरसिया, रेवा प्रसाद चौबे, खुशी लाल झरिया , धनराज पिल्ले, सुरेंद्र चौधरी, राजकुमार यादव, उमेश ठाकुर ,राम प्रसाद दुबे, नितिन तिवारी,महेंद्र प्रधान ,देवेंद्र भट, अफरोज खान, सुनील झरिया, नीरज मरावी, नेतराम, रवि जैन, विनय रामजे, आशीष कोरी आदि ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि अध्यापक संवर्ग के क्रमोन्नति आदेश शीघ्र जारी किए जाएं।

# समर हैंडबॉल लीग 2024 संपन्न



**जबलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, एमेच्योर हैंडबॉल एसोसियेशन, खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी एवं सनातन धर्म पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 01 अप्रेल से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सनातन धर्म पब्लिक स्कूल हाथीताल में किया जा रहा है। इस वर्ष ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में लगभग 80 बालक, बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों को अलग-अलग आठ टीमों में विभाजित कर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जो भी प्रशिक्षण प्राप्त किया उसकी रिपोर्ट तैयार करना था, ताकि जो कमी रह गई है उसे आगामी प्रतियोगिता के पूर्व दूर किया जा सके। इन खिलाड़ियों के बीच 12 तारीख से लीग आधार पर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका फाइनल 15 जून को खेला गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में रायल चैलेंजर्स, व्हाइट लायंस, सुपर सेवन, रेड डेविल्स, डोमिनेटर्स, टायकून्स, हॉर्सेज एण्ड रेड बोल्स थीं। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सुपर सेवन एवं टायकूंस के मध्य खेला गया जिसमें टायकूंस ने जीत दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में पलक चंसोरिया, महक जायसवाल, खुशी बिन, तन्वी सतनामी, तनुजा सेन, अंशिका जांघेल ने निर्णायकों की भूमिका निभाई। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि डॉ. रमेश शुक्ला स्पोर्ट्स आफिसर गवर्नमेंट साइंस कालेज एवं हरीश दुबे स्पोर्ट्स आफिसर सेंट अलायसियस कॉलेज ने पुरस्कृत किया। उक्त सभी खिलाड़ी हरमिंदर सिंह ढिल्लो विश्वामित्र अवार्डी के पास सनातन धर्म पब्लिक स्कूल में अभ्यासरत हैं।

# लोकसंगीत के साथ पं. रुद्रदत्त दुबे की काव्य कृतियां विमोचित



जबलपुर।

बुंदेली साहित्य संवर्धन की कड़ी में एक और पायदान के साथ पं. रुद्रदत्त दुबे 'करुण' कृत तीन काव्य कृतियों का विमोचन विगत दिवस शंख ध्वनि के साथ संपन्न हुआ। गूंज अंतर्राष्ट्रीय मंच द्वारा आयोजित इस अभिनव समारोह में वरिष्ठ साहित्य शिल्पी डॉ. बैजनाथ गौतम ने तीनों कृतियों की समीक्षात्मक विवेचना करते हुए कहा कि बुंदेली रचना संसार में ये कृतियां कालजयी साहित्य के रूप में जानी जाएंगी। मुख्य अतिथि डॉ. धीरेन्द्र पाठक ने कहा कि पं. करुण की ये कृतियां विलुप्त होती जा रही लोक संस्कृति को संरक्षित करने का काम करेंगी। विशिष्ट अतिथि पंकज स्वामी ने कहा कि पारंपरिक लोक धुनों पर आधारित काव्य कृतियों के गीत लोक गायक, गायिकाओं का मार्गदर्शन करेंगी। समारोह की अध्यक्षता कर रही संगीत विदुषी सुनीति माहेश्वरी ने कि प्रकाशन पूर्व ही कृतियों के सभी गीतों का संगीतबद्ध हो जाना दुबेजी की बहुमुखी प्रतिभा गा दिग्दर्शन कराता है। दूसरे चरण में काव्य कृतियों के गीतों पर आधारित लोक संगीत सभा में आकाशवाणी एग्रेड वादक सुभाष दीक्षित वायलिन, सुरेश पाठक तबला, गोपाल मिश्रा बांसुरी, हेमराज मृदंग, चरणलाल एवं दुर्गा रैकवार की सधी संगत के साथ पं. रुद्रदत्त दुबे, डॉ. बैजनाथ गौतम, डॉ. प्रकाश तिवारी, सौम्या मिश्रा, विशाली दीवान ने अमिय कंठ से भाव विभोर करते हुए भारी संख्या में उपस्थित श्रोताओं पर अमिट छाप छोड़ी, शायर सुरेश दर्पण, विनोद स्वामी, नीरज शुक्ला, मनीष दुबे की विशेष उपस्थिति में समारोह आयोजिका माधुरी उमेश मिश्रा ने आभा प्रदर्शन किया।



## निषाद समाज की बैठक संपन्न

**जबलपुर।** निषाद समाज द्वारा 16 जून को न्यू रामनगर आधारताल में बैठक आयोजित की गई, जिसमें न्यासी एवं एनएएफ सहित अन्य घटक संगठनों के समाजसेवियों की उपस्थिति एवं संरक्षक नत्थूलाल सोंधिया की अध्यक्षता तथा एनएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/ प्रदेश अध्यक्ष आरआर नाविक के मार्गदर्शन में विचार विमर्श कर न्यास के मूल ध्येय अनुरूप निषाद संस्कृति, सभ्यता, संस्कार के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अहम निर्णय लिए गए। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी लखन लाल केवट, रामप्रसाद केवट, ट्रस्ट अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह केवट, वरिष्ठ सचिव मीरा नाविक, रामगोपाल केवट, अरविंद केवट, विजय आनंद केवट सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# लो बन गया महिलाओं का ब्रह्मास्त्र!

## बेड टच किया तो मारेगा करंट, ये जैकेट है जबरदस्त

यदि आप किसी महिला को बेड टच या अटैक करते हैं, तब आपको करेंट का झटका लगने वाला हैं। दरअसल, जबलपुर में दो महिला युवा इंजीनियरों में मिलकर एक जैकेट तैयार की है। देखने में यह जैकेट नॉर्मल जरूर लगती है। लेकिन यदि किसी ने भी उस महिला के साथ छेड़खानी की तब यह जैकेट ऐसा तगड़ा झटका देगा। उसे जीवन भर याद रहेगा। यह जैकेट महज 27 00 रुपए में तैयार की गई हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

युवा इंजीनियर अदिति और रिया ने लोकल 18 से कहा कि दोनों का स्टार्टअप हैं। इसे जबलपुर इनक्यूबेशन सेंटर में रजिस्टर्ड किया गया है। दोनों ने मिलकर एक जैकेट तैयार की है। जो महिलाओं की सुरक्षा करेगी। जैकेट को तैयार करने में महज 27 सौ रुपए की लागत आई हुई हैं। यह प्रोजेक्ट शुरुआती दौर में है। जैकेट के मार्केट में आने तक कीमत और भी घट जाएगी। जैकेट को बनाने में टेक्नोलॉजी और सॉफ्टवेयर का उपयोग किया गया है। यह जैकेट खासकर उन महिलाओं के लिए बनाई गई है। जो अकेले या देर रात काम से लौटकर सफर किया करती है।



### आखिर कैसे वर्क करती है यह जैकेट

दरअसल, जैकेट को युवा इंजीनियर ने वूमेन सेफ्टी एंड सिक्योरिटी जैकेट नाम दिया है। जो न केवल महिलाओं को प्रोटेक्ट करेगी। बल्कि तत्काल इमरजेंसी नंबर्स पर मैसेज भी भेज देगी। जैकेट को एक सर्किट से जोड़ा गया है। इसके साथ ही जैकेट के पॉकेट में पावर बैंक की तरह मशीन भी लगाई है। जिसमें पैनिक स्विच लगा हुआ है। मतलब जैकेट का कंट्रोल हाथों में होगा। यदि पैनिक स्विच को चालू कर दिया जाए। तब जैकेट वर्क करना शुरू कर देती हैं। जैकेट में करेंट दौड़ता रहता हैं। इसी दौरान कोई भी यदि जैकेट को टच करेगा, तब उसे तगड़ा 3 एम्पियर का झटका लगेगा।

### टच करते ही इमरजेंसी नंबर में मिलेगा अलर्ट

इंजीनियर ने बताया जैकेट को इंटरनेट के माध्यम से भी जोड़ा गया है। इसके साथ ही टेक्नोलॉजी का भी उपयोग ऐप के माध्यम से किया गया है। यदि कोई भी जैकेट को टच करता है। इसकी सूचना इमरजेंसी नंबर पर भी पहुंच जाएगी। जिससे हमारी लोकेशन भी उस व्यक्ति तक पहुंच जाएगी। जिसे हम अलर्ट मैसेज देना चाह रहे हैं। इस टेक्नोलॉजी से पांच लोगों को जोड़ा जा सकता है। जिसमें पेरेंट्स या फ्रेंड सर्कल शामिल कर सकते हैं। जिन्हें हम अपनी लोकेशन के साथ अलर्ट मैसेज भेज सकेंगे।

### महिला को हमेशा असुरक्षित पाया

युवा इंजीनियर अदिति और रिया का कहना है कि जब भी जम्मू से जबलपुर ट्रैवल करती थी। उस समय असहज महसूस किया करती थी। इसी दौरान दिमाग में जैकेट बनाने का विचार आया। दोनों ने मिलकर यह जैकेट तैयार कर दी। हालांकि, यह जैकेट में दिन-प्रतिदिन चेंजेस कर जैकेट को अपडेट भी किया जा रहा है। युवा इंजीनियर का कहना है हम कंपनी के भी संपर्क में हैं। यदि बल्क में इसका आर्डर मिलेगा, तब कम दामों में यह जैकेट आसानी से महिलाओं तक पहुंच जाएगी।

# मालिक की जान बचाकर बन गया हीरो!



## खाई में गिरी शख्स की कार 6 किमी दूर भागकर मदद मांगने गया पालतू कुत्ता

कहते हैं, इंसानों का सबसे अच्छा दोस्त कुत्ता होता है। कुत्ते और इंसान की जोड़ी बेहद खास होती है क्योंकि कुत्तों के मन में अपने मालिक के लिए कोई चालाकी, बैर, या छल नहीं होता। वो सिर्फ प्यार के भूखे होते हैं और एक बार उन्हें मालिक से प्यार मिलने लगे, तो वो उनके लिए जान देने को भी तैयार हो जाते हैं। अमेरिका में एक कुत्ते ने इस बात को सच साबित कर दिया है। जब उसके मालिक का एक्सिडेंट हुआ, तो वो 6 किमी दूर भागते हुए गया और मदद लेता आया, जिससे शख्स की जान बच पाई। अब उस कुत्ते को लोग हीरो बता रहे हैं।

**न्यूयार्क।** ये मामला 2 जून, अमेरिका के ऑरिगॉन का है। द गार्जियन वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार ब्रेंडन गैरेट अपने 4 कुत्तों के साथ पहाड़ी रास्ते पर जा रहे थे, जब अचानक वो पहाड़ के मोड़ का आंकलन नहीं कर पाए और उनकी गाड़ी खाई में जा गिरी। इस भयंकर हादसे में वो और उनके कुत्ते तो बच गए, पर ब्रेंडन बुरी तरह जख्मी थे, जिसकी वजह से वो उठकर रोड तक नहीं जा पा रहे थे। उनके परिवार के कुछ लोग कुछ दूर पर कैंपिंग कर रहे थे, जहां से ब्रेंडन लौट रहे थे।



### हीरो बन गया कुत्ता

इस तरह ब्लू हीरो बन गया। लोगों को यकीन ही नहीं हो रहा है कि कुत्ता 6 किलोमीटर तक जाकर मदद लेता आया। फेसबुक पर पुलिस ने अपने आधिकारिक अकाउंट से इस घटना के बारे में बताया और ब्लू का भी जिक्र किया। कई लोगों ने कुत्ते की तारीफ की और कहा कि ऐसी कहानियां ही दिल को तसल्ली देती हैं।

### कुत्ते ने बचा ली मालिक की जान

तभी उनका एक कुत्ता, ब्लू घटनास्थल से निकला और जंगलों के रास्ते उन लोगों तक पहुंचा। 6 किलोमीटर तक भागते-भागते जब वो वहां पहुंचा, तो ब्रेंडन के भाई और अन्य लोगों ने उसे देखकर ही समझ लिया कि कुछ तो गड़बड़ है। उन्होंने तुरंत ब्रेंडन की खोज शुरू की और अगले दिन सुबह जाकर उनकी गाड़ी खाई में गिरी मिली। रास्ता काफी खराब होने की वजह से वो लोग उन तक नहीं पहुंच पा रहे थे। इसके बाद पुलिस को फोन किया गया। टीम ने आकर ब्रेंडन को वहां से निकाला और हेलीकॉप्टर के जरिए उन्हें अस्पताल भेजा गया। वो खतरे से बाहर हैं, हालांकि, उन्हें और उनके दो कुत्तों को गंभीर चोटें आई हैं।

# 6 महीने बाद पैदा हुआ 'जुड़वां' भाई, मां भी है अलग-अलग

किसी भी महिला के लिए मां बनने का सपना एक अलग ही खुशी देता है। इसके लिए कठोर तप करना पड़ता है। नौ महीनों में स्त्री कई तरह के शारीरिक और मानसिक कष्ट सहती है, तब जाकर उसकी गोद में मुस्कराती हुई संतान नजर आती है। लेकिन, मां बनने का सुख हर महिला को नहीं मिल पाता है। ऐसे में वो तरह-तरह के उपाय करती है। डॉक्टरों से सलाह लेती है। तब जाकर उसकी कोख में एक बच्चा पलता है। आज हम आपको एक ऐसी ही महिला के बारे में बताने जा रहे हैं। इस महिला का दावा है कि इसके जुड़वां बच्चे पैदा हुए, लेकिन दोनों बच्चों की मां अलग-अलग थीं। महिला कंस्ट्रक्शन कंपनी की मालकिन है, जबकि उसका पति बिजली मिस्त्री का काम करता है। आखिर ये अजब-गजब कारनामा हुआ कैसे? क्या ऐसा संभव है? हर किसी के मन में यही सवाल उठता है।

**न्यूयार्क।** इस महिला का नाम एरिन क्लैंसी है, जो 42 साल की हैं। एरिन एक निर्माण कंपनी की मालकिन हैं। वे अपने 38 साल के इलेक्ट्रिशियन पति ब्रायन और बेटों डायलन (12 महीने) और डेक्लेन (6 महीने) के साथ न्यूयॉर्क, अमेरिका में रहती हैं। उन्होंने अपने जुड़वां बच्चों के जन्म के पीछे की आश्चर्यजनक कहानी बताई है, जिनमें से एक उनके अपने गर्भ में और दूसरा एक सरोगेट के माध्यम से 900 मील दूर इलिनोइस में पैदा हुआ।

कई महिलाओं को मां बनने का सुख नहीं मिल पाता। ऐसा ही कुछ एरिन के साथ हुआ। नैचुरल तरीके से प्रेग्नेंट न हो पाने की वजह से एरिन ने 39 साल की उम्र में आईवीएफ का सहारा लिया। पहला प्रयास असफल रहा, लेकिन दूसरे में सफलता मिल गई। हालांकि, 7 सप्ताह बाद ही एरिन का गर्भपात हो गया। ऐसे में हमारा ध्यान सरोगेसी की तरफ गया। काफी जांचने-परखने के बाद हमें सरोगेसी के लिए एक महिला मिल गई, जो न्यूयॉर्क से 900 मील दूर इलिनोइस में रहती थी। हमने सरोगेसी की तैयारियां शुरू कर दीं। लेकिन उस महीने एरिन का पीरियड नहीं आया। जब उन्होंने चेक किया तो पाया कि वो प्रेग्नेंट हैं। दूसरी ओर सरोगेसी से बच्चे को जन्म देने की प्रक्रिया भी प्रोसेस में थी। एरिन ने बताया कि मैं पहले भी प्रेग्नेंट हो गई थी, लेकिन गर्भपात हो गया। इसलिए हमने सरोगेसी



को भी आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। जब उनकी प्रेग्नेंसी के 6 सप्ताह हुए तो ब्लिडिंग होने लगी. लेकिन अस्पताल में बताया गया कि बच्चा बिल्कुल सुरक्षित है। हालांकि, उनके अंदर डर बना हुआ था कि कभी भी कुछ भी हो सकता है। ऐसे में जब वो 6 महीने की गर्भवती थीं, तब सरोगेट महिला में सफल भ्रूण प्रत्यारोपित किए गए। इसके 7 दिन बाद एरिन का आल्ट्रासाउंड हुआ, जिसमें उनके पेट में पल रहा बच्चा भी ठीक था। ऐसे में एरिन ने तुरंत अपने पति ब्रायन को फोन किया और बताया कि हमारे दो बच्चे होने वाले हैं। एक तरफ एरिन ने अपने बड़े बेटे डायलन को जन्म दिया, तो दूसरी ओर सरोगेट महिला लगातार अपने हेल्थ अपडेट भेजती रही। मेरा दूसरा बच्चा दूसरी महिला के शरीर में यही कर रहा था। हालांकि, दोनों जैविक रूप से जुड़वां नहीं थे, लेकिन स्पर्म एक ही समय पर आईवीएफ के लिए दिए गए थे।

### अद्भुत था जुड़वां बच्चों का मां बनना

एरिन ने बताया कि जब हमारा बड़ा बेटा डायलन 6 महीने का था, तब डेक्लेन का सरोगेसी से जन्म हुआ। हम कुछ सप्ताह के लिए उसके पास गए। मैं उसे गोद में लेने वाली पहली व्यक्ति थी और मुझे इस बात पर यकीन ही नहीं हुआ। बांझपन के अंधेरे से बाहर निकलकर मैं अब दो स्वस्थ लड़कों की मां बन चुकी थी। एरिन ने बताया कि मैंने बच्चों की देखभाल के बारे में एक फोरम पर पोस्ट किया था, जिसमें बताया था कि जुड़वां बच्चों की उम्र में छह महीने का अंतर है। इस बारे में जानकर लोगों को भरोसा नहीं हुआ। वो कहने लगे कि इसमें कोई घोटाला है। यह कैसे संभव है?

# याचिकाकर्ता को दो अनुकंपा नियुक्ति

### हाईकोर्ट ने दिये निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अनावेदकों को निर्देशित किया है वह आवेदिका याचिकाकर्ता को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करे। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने इसके लिये तीस दिन की समय सीमा निर्धारित की है।

यह मामला मंडला के घुघुरी निवासी नेहा चंदेला की ओर से दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता के पिता सहायक अध्यापक के पद पर पदस्थ थे। जिनकी 13 फरवरी 2018 को मृत्यु हो गई थी। शासन की पॉलिसी के तहत आवेदक को अनुकंपा नियुक्ति दी जानी चाहिये, जिसके लिये आवेदिका ने प्रयोगशाला शिक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किये जाने आवेदन भी दिया, लेकिन सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग मंडला के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दावे पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को निर्देशित किया वे आवेदिका के दावे पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उचित निर्णय दे।

# छिपकली, मेंढक... इस कैफे में मिठाई मिलेगी लेकिन गर्दन पर लिपटेंगे सांप भी!

**नौरोबी।** क्या आप सरीसृप यानी रेपटाइल कैफे में बैठकर खाना पसंद करेंगे? आपके हाथों, पैरों, गले और शरीर से हो सकता है कि सांप जैसे रेंगने वाले दूसरे मासूम जीव-जंतु चिपकते-लिपटते फिरें तो आपको कैसा लगेगा? हो सकता है आपको अजीब लगे या फिर रोमांचक लगे दरअसल मलेशिया में एक अनूठा कैफे शुरू हुआ है जिसका नाम है फैंग्स बाय डेकोरी। यह मलेशिया का पहला सरीसृप कैफे है। आप यहां बैठकर भोजन का आनंद तो लेंगे, लेकिन साथ में विचरते दिखेंगे आपको कई प्रकार के जीव जंतु। ये केवल वे ही होंगे जो रेपटाइल श्रेणी में आते हैं। आमतौर पर लोग सांप देखते ही दूर भाग जाते हैं। हालांकि, इस कैफे में आपको एक अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। यहां आते ही लोगों को भोजन के साथ सांप भी 'परोसे' जाते हैं। कुछ लोग सांपों को अपनी गर्दन के चारों ओर लपेटते हैं, कुछ अपने सिर के चारों ओर और कुछ अपने हाथों के चारों ओर भी





लपेटते हैं। वे उनके साथ ही खाना खाते हैं। इसके अलावा टेबल पर जहरीले जीव-जंतु भी देखे जा सकते हैं। खाने के साथ ये सब देखकर शायद आपकी रूह कांप जाएगी, लेकिन यहां बैठे लोग इसे एक अलग तरह का अनुभव मानते हैं। वीडियो को लाखों लोग देख चुके हैं। इसमें बताया गया है कि यह जगह मलेशिया में स्थित है। इस वीडियो पर लोगों ने दिलचस्प कमेंट्स भी किए। एक यूजर ने लिखा, 'यह बहुत बढ़िया है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'क्या होगा अगर आप खाना खाते समय गलती से अपने हाथ में लटका हुआ सांप खा लें?' दरअसल ये कैफे रेपटाइल- प्रेमी याप मिंग यांग ने 17 दिसंबर 2022 को शुरू किया। वैसे तो यहां मिठाइयां मिलती हैं, लेकिन यह इसलिए फेमस हो रहा है क्योंकि यहां सांप और छिपकली से लेकर मेंढक, जर्बिल्स (चूहा जैसा एक जानवर) भी हैं।

# सिविल अस्पताल रांझी में लगा रक्तदान शिविर

**जबलपुर।** मुक्ति रक्तदान सेवा, सर्व ब्राह्मण समाज, अखिल भारतीय एकीकृत परिषद के सहयोग से गत दिवस को रक्तदान शिविर का आयोजन शासकीय सिविल अस्पताल रांझी की आयोजित किया गया।

संयुक्त स्वास्थ्य संचालक डॉ संजय मिश्रा, डॉ अश्वनी कुमार त्रिवेदी, डॉ संजय छतानी डॉ आशुतोष भल्ला एवं टीम विक्टोरिया का सहयोग रहा। थैलेसीमिया जन जागरण अभियान के तहत डॉ विवेक जैन ने थैलेसीमिया के बारे में जानकारी दी एवं उपस्थित लोगों ने थैलेसीमिया मुक्त भारत मुक्त मध्य प्रदेश बनाने में शपथ ली। मुक्ति रक्तदान सेवा के माध्यम से 98 रक्तदान शिविर था, जो थैलेसीमिया एवं सिकल सेल बच्चों के प्रति रक्तदान को लेकर संकल्पित है। मुक्ति रक्तदान सेवा के अध्यक्ष नीलू जैन, कविता श्रीवास्तव,



डॉ सचिन बुधौलिया, श्वेता पांडे, रूपाली खरे, प्रीति मिश्रा राजेंद्र खरे, डॉ.शबनम साकेत उपस्थित थे। आयोजन में सर्व ब्राह्मण महासभा,प्रदेश अध्यक्ष जगदीश दुबे,अनुपम पांडे, मिथिलेश पांडे संजय दुबे, अखिल भारतीय एकीकृत महिला परिषद से यामिनी शुक्ला, ममता प्यासी अर्चना तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

# रांझी में शराब दुकान में तलवार लेकर घुसे बदमाश

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत बड़ा पत्थर क्षेत्र में एक शराब दुकान में तलवार लेकर तीन बदमाशों ने आतंक मचाया और तोड़ फोड़ की गद्दीदार से अवैध रुपयों की मांग रुपये नहीं मिलने पर बदमाशों ने जमकर तोड़फोड़ की और पूरी दुकान को तहस नहस कर दिया। गद्दीदार पर तलवार से वार भी किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल भी हो गया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों चिन्हित भी कर लिया है। घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर रात 11 बजे तीन बदमाश हाथों में तलवार लेकर पहुंचे और गद्दीदार अखिलेश से रुपये की मांग करने लगे। गद्दीदार ने रुपये देने से मना किया तो बदमाशों ने तोड़फोड़ कर डाली और बदमाशों ने तलवार से हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रिहान सोनकर, रोहित सोनकर और हरीश सोनकर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# 1 कट्टा एवं 1 कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत चौकी रामपुर में मांडवा बस्ती टेंडर 2 दुर्गा मंदिर के सामने कट्टा खोंसकर अपराध करने की नीयत से खड़े एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक कट्टा एवं एक कारतूस जब्त किया है। गोरखपुर थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि टेंडर 2 ब्लॉक नंबर एल/02-14 मांडवा बस्ती गोरखपुर निवासी लपरा उर्फ आयुष विनोदिया गत शाम मांडवा बस्ती टेंडर 02 दुर्गा मंदिर के सामने कट्टा खोस कर कोई वारदात करने की फिराक में खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी लपरा उर्फ आयुष विनोदिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक कट्टा और एक लोडेड कारतूस जब्त किया है।




**श्रीमती हर्षा नेवालकर-** बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री राम कृष्ण नेवालकर की धर्मपत्नी श्रीमती हर्षा नेवालकर (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमल कांत कुरील-** आजाद चौक गोरखपुर निवासी श्री उदयराज कुरील के पुत्र श्री कमल कांत कुरील (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सरला रानी गुप्ता-** नयागांव रामपुर निवासी श्री एसपी गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती सरला रानी गुप्ता (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इंदर सिंह राजपूत-** गोरखपुर अहीर मोहल्ला निवासी श्री इंदर सिंह राजपूत (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रामदेव मिश्रा-** न्यू पीपी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री रामदेव मिश्रा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंदा बाई उईके-** साईं नगर रामपुर निवासी श्री बराती लाल उईके की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई उईके (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**डॉ. सुरेश चंद्र मिश्रा-** गोरखपुर मेन रोड निवासी डॉ. सुरेश चंद्र मिश्रा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गणेश प्रसाद कोरी-** शंकर नगर सुहागी निवासी श्री गणेश प्रसाद कोरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती धना बाई राय-** बीटी बंगला के पास गढ़ा निवासी श्री छिदामी लाल राय की धर्मपत्नी श्रीमती धना बाई राय का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# मंहगाई पर हुआ भीषण गर्मी का असर सब्जियों के दाम हुए दोगुने, बिगड़ा स्वाद

### आलू, प्याज, टमाटर सहित अन्य सब्जियों के दाम में इजाफा

हरिभूमि, जबलपुर

गर्मी का असर सब्जी की पैदावार पर भी नजर आ रहा है। सब्जी की आवक कम होने से साप्ताहिक बाजार में सब्जियों के दाम में तेजी आ गई है। धनिया जहां 200 रुपए किलो पर पहुंच गया हैं। वहीं हरी मिर्च 100 किलो पर है। इसके अलावा टमाटर भी तेजी से सुर्ख हो रहा है। टमाटर के दाम 40 से 50 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गए हैं। वहीं अन्य सब्जियों के दाम भी 50 प्रति किलो से ऊपर बताए जाते है। आलू और प्याज में तेजी बरकरार, सब्जियों का राजा आलू और सभी सब्जियों में इस्तेमाल होने वाली प्याज दोनों के दाम में लगातार तेजी बनी हुई है। इस सप्ताह बाजार में आलू और प्याज



40 रुपए प्रति किलो बिका। जबकि पिछले सप्ताह इसके दाम 30 रुपए प्रति किलो के आसपास थे। आलू और प्याज की शार्टेज होने की वजह से आने वाले दिनों में दाम और तेजी से बढ़ सकते हैं। आलू, प्याज में आई महंगाई का असर आम लोगों पर भी पड़ता नजर आ रहा है। थोक विक्रेताओं की माने तो इस समय आलू और प्याज दोनों ही बाहर से आ रहे है। प्याज की शार्टेज बनी हुई है। इस वजह से दाम भी बढ़ गए हैं।

महीने भर पहले तक 10 से 15 रुपए किलो में बिकने वाले प्याज की कीमत बढ़कर 40 से 45 रुपए किलो पहुंच गया है। जिले में फिलहाल महाराष्ट्र से प्याज की आवक हो रही है। बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र के सभी मंडियों में प्याज की जबरदस्त मांग है। इससे प्याज की कीमत मंडियों में ही बढ़ गई है। लिहाजा लोकल व्यापारियों को महाराष्ट्र की मंडियों से ही महंगी कीमत पर प्याज लाना पड़ रहा है। जिससे प्याज 40 से 45 रुपए प्रति किलो की दर पर बिक रहा है।

## आम सूचना

मैं आपने पक्षकार की ओर से अधिकृत होकर, आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार, अनुज गुप्ता, निवासी संपति डी-8 राजुल पैराडाइस मण्डला रोड जबलपुर, नामांतरण के बाद खसरा नो 112/24 कुल प्लॉट एरिया 1110 वर्ग फुट के स्वामी है। उनके द्वारा इस संपति की ओरिजनल लिंक रजिस्ट्री जो की दिलीप मेहता पिता श्री धीरजलाल मेहता प्रोपराइटर राजुल बिल्डर्स ने श्रीमती अपारा तिवारी पति श्री मुकुल तिवारी को दिनाक 31/03/2004 को क्रय की थी, घर से कहीं गुम हो गई है जो की आज दिनाक 15/06/2024 तक अप्राप्त है, जिसका पुस्तक क्र A/1, ग्रंथ क्र 10981, पेज क्र 166- 171 पर क्र 4212 में पंजीबद्ध है जिसकी रिपोर्ट संबद्धित पुलिस थाने में दर्ज करा दी गई है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय या किसी को किसी भी प्रकार की अपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी लिखित अपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। 7 दिवस बाद कोई भी अपत्ति मान्य नहीं होगी।

Somit Raizada (Advocate)
M.P. High Court, Jabalpur
3rd Floor, Jain tower, In front of Hotel Samdariya Inn, Russel Chowk
Jabalpur (M.P.). 482020
Phone No. 7470847625

# भाजपा चाहती है खुद की पार्टी का स्पीकर तो डिप्टी स्पीकर सहयोगी दल से

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में अपनी सरकार तो बना ली लेकिन ये गठबंधन की सरकार है। गठबंधन की सरकार के सामने कदम-कदम पर चुनौतियां होती हैं। अब अगला बड़ा सवाल है कि लोकसभा का स्पीकर पार्टी किसे बनाएगी। सहयोगी दल खासकर टीडीपी, जदयू भी इस पद पर नजर रख रही है।

लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं। नई सरकार का गठन भी हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रियों ने शपथ ले ली है। अब बस इंतजार है संसद सत्र के आगाज होने का। 24 जून से इसकी शुरुआत होगी, लेकिन उससे पहले लोकसभा स्पीकर पद को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में माथापच्ची चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा ये पद अपने पास रख सकती है। हां, डिप्टी स्पीकर का पद वो टीडीपी या जेडीयू को दे सकती है।

दिलचस्प बात ये है कि कांग्रेस और विपक्ष चाहती है कि डिप्टी स्पीकर का पद उसे मिल जाए। विपक्ष की दलील है कि भाजपा के कड़िया मुंडा को यूपीए ने डिप्टी स्पीकर बनाया था। ऐसे में, सरकार को भी विपक्ष का ख्याल करना चाहिए। इधर सरकार की कोशिश कि स्पीकर का चुनाव आम सहमति से हो। इसके लिए राजनाथ सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। राजनाथ सिंह विपक्षी पार्टियों और भाजपा के सहयोगी दलों से बातचीत कर एक आम राय बनाने की कोशिश करेंगे।

**लोकसभा में स्पीकर का पद किस राजनीतिक दल को ?**





स्पीकर पद के चुनाव की जिम्मेदारी राजनाथ सिंह को सौंपी

26 जून को होना है स्पीकर का चुनाव


**लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से**

नई लोकसभा का पहला सत्र अगले सप्ताह सोमवार, 24 जून से शुरू होने जा रहा है। इस दौरान नए सांसदों के शपथ लेने से लेकर नए स्पीकर का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण, उस अभिभाषण में सरकार के कामकाज को लेकर एक खाका, प्रधानमंत्री, विपक्ष का उस पर धन्यवाद होगा। भारतीय जनता पार्टी के पहले कार्यकाल में मध्य प्रदेश के इंदौर से सांसद चुनी जाने वाली सुमित्रा महाजन लोकसभा की स्पीकर हुआ करती थी। वहीं, मोदी के दूसरे कार्यकाल में यह जिम्मा राजस्थान के कोटा से सांसद ओम बिरला के पास रही। मोदी के पहले दोनों कार्यकाल में उनकी पार्टी को अपने दम पर बहुमत हासिल था। इस बार स्थिति और है।

**अहम मंत्रालय भाजपा ही के पास**

भाजपा ने गठबंधन की सरकार बनाने के बावजूद भी सभी अहम मंत्रालयों को अपने पास रखा था। जिनमें गृह, रक्षा, विदेश और वित्त जैसे मंत्रालय को सहयोगियों को न देना भाजपा की बड़ी जीत थी।

### एनडीए का पहला हकः जेडीयू



जेडीयू प्रवक्ता के. सी. त्यागी ने कहा, 'स्पीकर का पद सदन का सबसे मर्यादित पद होता है, उस पद के लिए पहला हक सत्तारूढ़ पार्टी का होता है। इंडी गठबंधन की मांग और उनके बयान आपत्तिजनक हैं। भाजपा या एनडीए गठबंधन का उस पद पर पहला हक है और हमारी पार्टी का मानना है कि भाजपा गठबंधन की बड़ी पार्टी है इसलिए उसका अधिकार पहले है।

### नायडू को इंडिया गुट का समर्थन



उद्धव सेना के प्रवक्ता और राज्यसभा के सदस्य संजय राउत ने कहा है कि लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए अगर चंद्रबाबू नायडू उम्मीदवार खड़ा करते हैं, तो हमारा इंडी गठबंधन उनका समर्थन करेगा। राउत ने दावा किया कि चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा से लोकसभा अध्यक्ष का पद मांगा है।

## खबर संक्षेप

### सुलिवन ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली।** अमरीका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान सुलिवन ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति के बारे में जहां प्रधानमंत्री को अवगत कराया वहीं मोदी ने नए कार्यकाल में भारत-अमरीका व्यापक वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### स्काई एयर को 40 लाख डॉलर का वित्तपोषण मिला



**नई दिल्ली।** ड्रोन लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता स्काई एयर ने सोमवार को कहा कि उसे 40 लाख डॉलर (लगभग 34 करोड़ रुपये) का वित्तपोषण मिला है। इस राशि का इस्तेमाल स्वास्थ्य सेवा और त्वरित-वाणिज्यिक डिलिवरी के लिए परिचालन विस्तार पर करेगी। वेंचर कैटालिस्ट, विंडरोज कैपिटल और ट्रेमिस कैपिटल के समर्थन से प्राप्त किया गया।

### तस्कर ने छठी मंजिल से छलांग लगाई, मौत



**नागपुर।** सोने की तस्करी के आरोप में पकड़े गए एक आरोपी ने नागपुर के सीजीओ कांप्लेक्स में स्थित खुफिया राजस्व महानिदेशालय (डीआरआई) के कार्यालय की छठी मंजिल से छलांग लगा जान दे दी। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार की देर रात डीआरआई के कार्यालय में हुई ।

### बिधूड़ी ने इस्तीफे की पेशकश की



**नई दिल्ली।** लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद भाजपा के विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से अनुरोध किया है कि वह उन्हें दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद से मुक्त कर दें। बिधूड़ी ने दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट पर जीत हासिल की। बयान में कहा कि लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद फैसला किया है।

### हरियाणा में नहीं लगेगा न्यूनतम मासिक शुल्क



**चंडीगढ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम मासिक शुल्क को खत्म कर दिया गया है और अब बिजली का बिल सिर्फ खपत हुई यूनिट के आधार पर बनाया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में मुख्यमंत्री के हवाले से कहा गया कि इस फैसले के बाद हरियाणा के लोगों को सिर्फ उस बिजली का ही बिल मिलेगा।

## लोकसभा चुनाव में जीत के बाद पहली बार आ रहे हैं काशी

# वाराणसी में 50 हजार किसानों से सीधे संवाद करेंगे पीएम नरेंद्र मोदी

वाराणसी में पीएम मोदी आज किसानों को संबोधित करेंगे। उनकी जनसभा सेवापुरी में होगी। यहां पीएम मोदी नौवीं बार जनसभा करने जा रहे हैं। वहीं मेहंदीगंज गांव में पीएम दूसरी बार आएंगे।

एजेंसी ⏭ वाराणसी

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार यूपी और बिहार के दौरे पर आज मंगलवार को आएंगे। इस दौरान पीएम मोदी काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा करेंगे और नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन भी करेंगे। प्रधानमंत्री चुनाव जीतने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र पहुंच रहे हैं।वाराणसी में शाम सवा चार बजे पीएम किसान सम्मान सम्मेलन में हिंसा लेंगे।

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री शाम सवा छह बजे काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। शाम सात बजे दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में भी पीएम मोदी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मंगलवार को वाराणसी में रात्री विश्राम के बाद बुधवार को बिहार जाएंगे। बिहार में सुबह दस बजे नालंदा यूनिवर्सिटी कैंपस का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी दौरे पर 50 हजार किसानों से संवाद करेंगे। भाजपा के काशी क्षेत्र के प्रमुख दिलीप पटेल ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मेहंदीगंज क्षेत्र में किसान सम्मेलन स्थल पर 21 किसानों से व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे और उनके कृषि उत्पादों को भी देखेंगे। किसानों से संवाद करने से पहले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे।

### वाराणसी में विश्राम के बाद बुधवार को बिहार जाएंगे पीएम

### किसानों के खाते में सीधे ट्रांसफर करेंगे सम्मान निधि

सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता, भारी सुरक्षा बल किया गया तैनात



**किसानों को दिया निमंत्रण पत्र**

प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ लेने के बाद पहली बार 18 जून को काशी आ रहे सांसद नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत होगा। संवाद कार्यक्रम में किसानों को आमंत्रित करने के लिए सभास्थल के आसपास के गांवों के किसानों को निमंत्रण दिया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल की अगुवाई में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हरसोस, मेहदीगंज, वीरभानपुर आदि गांवों में जुलूस निकालकर जनजागरण किया।

**20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि**

जिलाध्यक्ष एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि पीएम मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कार्यभार संभालते ही दो बड़े निर्णय लिए। पहला किसानों की 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि को स्वीकृति दी और दूसरा संकल्प पत्र में किए गए वादे के तहत पहली ही कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास को मंजूरी दी। किसान सम्मान निधि के तहत स्वीकृत 20 हजार करोड़ की धनराशि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेहंदीगंज में आयोजित किसान सम्मेलन के दौरान किसानों के खाते में सीधे ट्रांसफर करेंगे।

**सेना के हेलिकॉप्टर ने टच एंड गो का रिहर्सल किया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को मेहंदीगंज में किसानों से संवाद करेंगे। इससे पहले बम निरोधक दस्ते और दिल्ली से आई जांच एजेंसियों के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के आगमन के लिए बनाए गए हेलिपैड के साथ ही मंच और पंडाल का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद सेना के हेलिकॉप्टर ने टच एंड गो का रिहर्सल किया। मेहंदीगंज स्थित कार्यक्रम स्थल रविवार की शाम से एसपीजी के अधिकारियों की निगरानी में है और चौतरफा पुलिस तैनात कर दी गई है।

## पश्चिम बंगाल रेल हादसा

# कांग्रेस ने उठाए सवाल, कहा संसद में गूंजेगा हादसे का मुद्दा



एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सोमवार को एक मालगाड़ी के कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन से टकरा जाने से बड़ा हादसा हो गया, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई है और 60 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इस दुर्घटना के बाद विपक्षी दल केंद्र सरकार पर हमलावर हो गई हैं। राहुल गांधी ने इस हादसे को दुखद बताया है। राहुल गांधी का कहना है कि उनकी पार्टी जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाएगी और मोदी सरकार को इन दुर्घटनाओं पर जवाबदेह बना कर रहेगी।

विगत 10 वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि सीधा-सीधा मोदी सरकार के कुप्रबंधन और उपेक्षा का नतीजा है, जिसमें आए दिन यात्रियों के जान-माल का नुकसान होता है। आज की दुर्घटना इसी वास्तविकता का एक और उदाहरण है। एक ज़िम्मेदार विपक्ष के रूप में हम इस भयावह नजरअंदाजी पर सवाल उठाते रहेंगे और मोदी सरकार को इन दुर्घटनाओं पर जवाबदेह बना कर रहेंगे। वहीं हादसे पर कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, कांग्रेस पार्टी की ओर से हम अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। हम सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। पिछले 10 वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि केंद्र सरकार की रेलवे के प्रति कुप्रबंधन और लापरवाही का परिणाम है। जिसके कारण हर दिन यात्रियों की जान जा रही है।

### ईवीएम का दर्द



रेल हादसे के बहाने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी का ईवीएम का दर्द एक बार फिर छलकता हुआ नजर आया। उन्होंने कंचनजंगा एक्सप्रेस रेल हादसे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार को सिर्फ चुनाव की परवाह है। इन्हें सिर्फ इतना दिखता है कि कैसे ईवीएम को हैक करें और चुनाव नतीजा बदल डालें। इन लोगों ने पुरानी पेंशन खत्म कर दी। मैं रेलवे कर्मचारियों और अफसरों के साथ हूं। वे अपनी तरफ से हरसंभव मेहनत करते हैं, लेकिन इस सरकार को सिर्फ चुनाव की ही चिंता रहती है। इधर, दार्जिलिंग के सांसद राजू बिस्ता ने घटनास्थल पर दिए गए एक इंटरव्यू में कहा है कि बचाव दल मौके पर हैं और अब रेलवे टैक को खाली करना हमारी प्राथमिकता है।

धारा 144 लगाई, उठाए जरूरी कदम

# ओडिशा के बालेश्वर में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प

एजेंसी ⏭ बालेश्वर

बालेश्वर शहर के सुनहट इलाके में आज दोपहर अचानक दो समुदायों के लोगों के बीच झड़प हो गई। यहां के स्थानीय लोगों की माने तो दोपहर को अचानक लोगों ने उक्त इलाके के नाले में लाल रंग का पानी देखा था। इतनी तादाद में नाले में बहता लाल रंग का पानी देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर कुछ नमूने मुख्यतः नाले में बहने वाले लाल रंग के पानी के नमूने और उसमें बहने वाले कुछ पदार्थों को संग्रहित किया था, स्थानीय लोगों ने नाले में बहने वाले लाल पानी को खून बताया और विरोध करते हुए कुछ समय के लिए वहां से गुजरने वाले मुख्य रास्ते पर बैठकर प्रदर्शन किया।



**कहासुनी के बाद हुई झड़प**

इसके बाद अचानक दूसरे समुदाय के लोग वहां पहुंच गए और दोनों समुदायों के लोगों के बीच कहासुनी हो गई और फिर झगड़ा शुरू हो गया था। देखते ही देखते एक समुदाय दूसरे समुदाय पर ईंट और पत्थर से हमला करना शुरू कर दिया। यह घटना जंगल की आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई। दोनों समुदाय से जुड़े लोगों ने भारी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचकर एक-दूसरे पर ईंट और पत्थर से वार करना शुरू कर दिए।

### पानी की रखवाली कर रही पुलिस



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। अब दिल्ली के वीआईपी इलाके में भी पानी में कटौती की जाएगी। एनडीएमसी ने कहा है कि लुटियंस दिल्ली में पानी की आपूर्ति में कटौती होगी। इस बीच दिल्ली पुलिस लगातार पाइपलाइनों की रखवाली कर रही है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने वजीराबाद बैराज का निरीक्षण भी किया है।

### धू धू कर जलने लगी इमारत



**मुंबई** । सोमवार दोपहर चार मंजिला एक आवासीय इमारत में आग लग गई। एक अधिकारी ने बताया कि आग की इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मस्जिद इलाके में चकला मार्ग पर स्थित इमारत में अपराह्न करीब एक बजे आग लगी। हालांकि, आग इमारत की तीसरी और चौथी मंजिल तक ही सीमित रही।

## 19 जून को दिल्ली में आंधी और बारिश की संभावना

तेज सतही हवाओं के साथ रात में गर्मी होने का अनुमान

# मौसम का हालः बिहार समेत 22 राज्यों में बारिश का अनुमान, वहीं कई राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भीषण गर्मी ने दिल्ली वालों का जीना मुहाल कर रखा है। हालत यह है कि दिन और रात किसी भी समय दिल्ली वालों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। मंगलवार को सुबह गर्मी रही और न्यूनतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 5.5 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग ने लू से लेकर भीषण लू की स्थिति रहने तथा तेज सतही हवाओं के साथ रात में गर्मी होने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहने की आशंका है।भयंकर गर्मी से झुलस रही दिल्ली को अभी राहत मिलने की उम्मीद भी नहीं है। मौसम विभाग ने दिल्ली में गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिक सोमा सेन ने कहा है कि दिल्ली में हीटवेव चलेगी और इसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। सोमा सेन ने कहा कि अगले 3-5 दिनों में नॉर्थ ईस्ट इंडिया में मुख्य तौर से मेघालय, असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर में काफी भारी बारिश होने की आशंका है। नॉर्थ इंडिया में हीटवेव चलने का अनुमान है।

यूपी में गर्मी से 24 घंटे में 52 मौतें

बारिश,आंधी या धूल भरी आंधी का अनुमान



**यूपी में भीषण गर्मी**

उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। 24 घंटे में 6 जिलों- आगरा, प्रयागराज, कानपुर, चित्रकूट, वाराणसी और अमेठी में 52 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 22 मौतें वाराणसी में हुईं। यहां रामनगर में सोमवार सुबह एक पिकअप ड्राइवर की ड्राइविंग सीट पर बैठे-बैठे मौत हो गई। 4 ट्रक ड्राइवरों के शव उनकी गाड़ियों में मिले।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर बत्ती गुल!

# यात्री परेशान, मची अफरा तफरी, फ्लाइट्स में देरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बिजली कटौती की मार दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर पड़ी है। एयरपोर्ट पर काफी देर तक बिजली गुल होने की वजह से अफरातफरी मच गई।

यात्रियों के साथ स्टाफ भी परेशान हो गए। चेक इन से लेकर बोर्डिंग तक सभी काम ठप पड़ गए. कटौती का असर उड़ानों पर भी पड़ा. कई उड़ानें लेट हो गईं। दिल्ली एयरपोर्ट पर बिजली की सप्लाई दोपहर करीब 2.30 बजे बंद हुई थी। इस दौरान सभी स्कैनर मशीनें बंद हो गईं, सभी सिस्टम बंद हो गए।



### सुरक्षा पर भी असर

एयरपोर्ट पर पावर सप्लाई के ठप हो जाने की वजह से कई डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर असर पड़ा है। इस दौरान यात्री न तो सिक्योरिटी चेकिंग पूरी कर पा रहे थे, न तो चेक इन कर पा रहे थे। जितनी देर तक बिजली ठप रही उतनी देर तक फ्लाइट्स की उड़ानें भी प्रभावित हुए हैं।

वरिष्ठ नेता सत्यनारायण जटिया की धर्मपत्नी के देवलोकगमन के कारण अभिनंदन कार्यक्रम किया स्थगित

# भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्रियों ने की महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

राजधानी स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, दुर्गादास उईके, सावित्री ठाकुर एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल प्रदेश के 6 मंत्रियों का भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम संसदीय बोर्ड के सदस्य व वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण जटिया की धर्मपत्नी के देवलोकगमन के कारण स्थगित कर पुष्पांजलि अर्पण तक सीमित किया गया।

पुष्पांजलि के दौरान प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ला, मंत्री राकेश सिंह, तुलसीराम सिलावट, गोविंद सिंह, विश्वास सारंग, राकेश शुक्ला, संपतिया उईके, कृष्णा गौर, नरेंद्र शिवाजी पटेल, पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।







### शोक के कारण स्थगित किया अभिनंदन कार्यक्रम

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पुष्पांजलि के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के संसदीय बोर्ड के सदस्य व वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण जटिया की धर्मपत्नी का आज देवलोकगमन होने के कारण सभी कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल प्रदेश के 6 मंत्रियों का अभिनंदन समारोह स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश भर से कार्यकर्ता केंद्रीय मंत्रियों का अभिनंदन करने भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे हैं। मैं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा जटिया परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके हम सब आभारी हैं: शिवराज

पुष्पांजलि के पश्चात केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विजनरी नेता, यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश से 6 केंद्रीय मंत्री बनाए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल कर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके हम सब आभारी हैं। प्रधानमंत्री की कसौटी पर खरे उतरें, इस संकल्प के लिए दिन-रात काम करेंगे और मेहनत की पराकाष्ठा करेंगे। खेती अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा हैं। मंत्रियों के रूप में प्रधानमंत्री ने जो हम सबको जिम्मेदारी दी है, उसको पूरा करने के लिए हम लोगों ने पदभार संभालने के साथ ही कार्य को समझना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में जिस पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए हैं, वह फाइल प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जून को वाराणसी से देश के करीब साढ़े नौ करोड़ किसानों को सम्मान निधि जारी करेंगे।

## केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद भोपाल पहुंचे शिवराज का हुआ भव्य स्वागत

▶▶ मामा-मामा के लगे नारे, बहनों ने उतारी आरती, कार्यकर्ताओं ने जेसीबी से बरसाए फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का केन्द्र में कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री बनने के बाद रविवार को पहली बार भोपाल आगमन हुआ। चौहान जैसे ही शताब्दी एक्सप्रेस से भोपाल पहुंचे, उसके बाद रेलवे स्टेशन से भाजपा प्रदेश कार्यालय तक उनका जोरदार और स्वागत किया गया। रोड शो के दौरान हर कोई अपने घर-दुकान से उन पर फूलों की बारिश कर रहा था। कई कार्यकर्ताओं ने जेसीबी पर चढ़कर फूल बरसाये और माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। मंत्री कृष्णा गौर ने आरती उतारकर स्वागत किया, उनके साथ ही अनेक जगहों पर लाड़ली बहनों ने भी अपने भाई की आरती उतारकर और तिलक कर उनका स्वागत। बहनों का ये प्यार देखकर चौहान भी भावुक हो गए और उन्होंने रथ से ही आभार जताया।



### शताब्दी एक्सप्रेस से भोपाल आए

केन्द्रीय मंत्री चौहान रविवार सुबह 6 बजे नई दिल्ली से शताब्दी एक्सप्रेस से भोपाल के लिए सवार हुए। इस दौरान मथुरा, आगरा, धौलपुर, मुरैना, ग्वालियर, झांसी, ललितपुर, बीना और भोपाल रेलवे स्टेशन पर अलग-अलग सामाजिक संगठनों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। चौहान ने यात्रा के दौरान दूसरे यात्रों से मुलाकात की, और सबका हाल-चाल जाना।

### जब तक मैं हूं कोई पेड़ नहीं कटेगा: शिवराज



**भोपाल।** रविवार शाम अभाविप के कार्यकर्ताओं ने मंत्री-विधायकों के लिए 29 हजार पेड़ काटकर बनने वाले बंगलों को लेकर विरोध जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सुभाष एक्सीलेंस स्कूल के सामने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और शिवराज सिंह चौहान से पेड़ न काटने के लिए अपील की। दरअसल, तुलसी नगर-शिवाजी नगर क्षेत्र में मंत्री-विधायकों के बंगलों के लिए 29 हजार से ज्यादा पेड़ काटे जाने के प्लान को समाज और संगठनों को दोनों नाराज हैं। रविवार को जहां एक ओर जूलूस निकल रहा था। वहीं, दूसरी ओर अभाविप के कार्यकर्ता पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्रियों से अपील कर रहे थे। इस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अभाविप के कार्यकर्ताओं को आश्वासन देते हुए कहा कि कोई वृक्ष नहीं कटेगा। वहीं, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी आश्वासन दिया कि जब तक मैं हूं तब तक कोई पेड़ नहीं कटेगा।

▶ अभाविप कार्यकर्ताओं ने 29 हजार पेड़ों को बचाने केंद्रीय मंत्रियों से की अपील

मुख्यमंत्री ने उज्जैन में जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन की दिलाई शपथ

# जल गंगा संवर्धन अभियान को लोगों का मिला अपार जनसहयोग: डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को गंगा दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गंगा दशहरा का यह पावन अवसर है। मप्र सरकार की ओर से तय किया गया था कि पर्यावरण दिवस 5 जून से गंगा दशहरा तक हमारे नदी, कुएं, पोखर, तालाब, झरने आदि जल स्रोतों के साथ हमारी ऐतिहासिक धरोहर चोपड़ा बावड़ियों के संरक्षण और संवर्धन का काम किया जाएगा। मुझे बताते हुए खुशी है कि जल गंगा संवर्धन अभियान सफल रहा है। 6 लाख से अधिक लोगों द्वारा अभियान में जनभागीदारी की गई है। जल स्रोतों की संरक्षण के लिए 4000 करोड़ रुपए से अधिक के काम किए जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत धरोहर मोदी का चोपड़ा में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को जल स्रोत के संरक्षण और संवर्धन की शपथ दिलाई।



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 'मोदी का चोपड़ा' का हुआ कायाकल्प

#### चोपड़ा जल स्रोत का भ्रमण किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोदी का चोपड़ा जल स्रोत का भ्रमण किया और जिला प्रशासन को इस धरोहर की सुरक्षा के साथ बेहतर रखरखाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह गोवर्धन सागर का ही एक अंग है। इसकी विशेषता यह है कि यहां सदैव पानी की आपूर्ति बनी रहती है। जिला प्रशासन की ओर से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोत मोदी का चोपड़ा का कायाकल्प किया गया है।

#### सीएम ने पितृ दिवस की दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर सभी को पितृ दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पिता का कर्तव्य अनुपम होता है और पिता के द्वारा सभी कि अपेक्षाएं और आकांक्षा पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता इस धरती पर भगवान तुल्य होते हैं। हमें उनका सदैव आदर करना चाहिए।

### मप्र के विकास की एक नई डगर का नाम है डॉ. मोहन यादव: आचार्य प्रज्ञा सागर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्री महावीर तपोभूमि पहुंचे जहां सर्वप्रथम उन्होंने मंदिर में भगवान महावीर स्वामी के दर्शन किए। उन्होंने आचार्य गुरुदेव प्रज्ञा सागर महाराज को श्रीफल समर्पित करते हुए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आचार्य श्री ने प्रवचन में कहा कि मप्र के विकास की एक नई डगर का नाम है डॉ. मोहन यादव। मुख्यमंत्री ने मप्र में कुछ ऐसा करके दिखाया जो अविस्मरणीय हैं।

#### संतों का आशीष भी हमारे लिए पिता तुल्य आशीर्वाद जैसा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज फादर्स डे है और इस दिन पिता श्री के आशीर्वाद के साथ-साथ आप जैसे संतों का आशीर्वाद भी हमें पिता तुल्य आशीर्वाद जैसा ही प्राप्त होता है। कृष्ण भगवान की शिक्षास्थली में अपने गुरुकुल जैसी परंपरा डालकर यहां पर छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षित कर धर्म के प्रभावों को और अधिक बढ़ने का कार्य किया है।



### एक पेड़ मां कार्यक्रम में पौधरोपण के लिए 20 करोड़ देने की घोषणा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में इन्दौर जिले को 20 करोड़ रुपए प्रदान करने की घोषणा की। नगर निगम से 10 करोड़ रुपए एवं वन विभाग से 10 करोड़ रुपए पौधारोपण के लिए प्रदान किए जाएंगे। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और हरियाली के लिए इंदौर में किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के आधिकारिक लोगो, वेबसाइट, मिस्ड कॉल नंबर 8889995449, गीत, सोशल मीडिया कैम्पेन का सिंगल क्लिक से विमोचन किया। उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से तैयार सेवा सेतु मोबाइल एप्प को भी लांच किया। उन्होंने स्वास्थ्य में स्वच्छता और पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पेड़ों का मानव जीवन में महत्व पर विस्तृत संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार जीवन के लिए श्वास और रक्त धमनियों का महत्व है उसी प्रकार पर्यावरण में पौधों और



हरियाली का महत्व है। मप्र में साढ़े 5 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा। इन्दौर में 51 लाख पौधों के रोपण की भागीदारी प्रशंसनीय है। नगरीय प्रशासन विकास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की विस्तृत रूपरेखा और तैयारियों के संबंध में जानकारी दी।

### हेल्दी मप्र इनिशिएटिव की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की शुरुआत



#### ▶ प्रदेश के युवाओं के होंगे प्रिवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को हेल्दी मप्र इनिशिएटिव अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत प्रदेश भर के युवाओं को लाइफस्टाइल जनित बीमारियों से बचाने के लिए प्रिवेंटिव हेल्थ के टेस्ट किए जाएंगे। आवश्यक होने पर डॉक्टर कंसल्टेशन एवं लाइफस्टाइल बेहतर करने के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। 'हेल्थ ऑफ इंदौर' का किसी भी एक शहर में किया गया विश्व का सबसे बड़ा प्रिवेंटिव हेल्थ केयर सर्वे है। अब मप्र के युवाओं के प्रिवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अभियान की तारीफ करते हुए कहा स्वस्थ शरीर से ही आध्यात्मिक उन्नति संभव है। इससे पहले हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान के तहत शहर के ढाई लाख लोगों के टेस्ट किए गए थे, जिसमें से करीब आधी आबादी गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकती है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2024 में तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की उपस्थिति में एक कार्यक्रम हुआ था और इंदौर के प्रीवेंटिव हेल्थ केयर मॉडल को देश भर में ले जाने की बात मंत्री जी ने कही थी। कार्यक्रम में उपस्थित नगरीय प्रशासन विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस अभियान की तारीफ की और स्वस्थ रहने पर बल दिया।

#### अभियान की शुरुआत इंदौर से

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि मप्र के युवाओं को स्वस्थ रखने के लिए प्रदेश भर में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट किए जाएंगे और इस अभियान की शुरुआत इंदौर से हो रही है। डॉ. विनीता कोठारी ने कहा कि इंदौर में जो सर्वे हुआ है उसके नतीजे को देखते हुए खासकर युवाओं के हेल्थ पैरामीटर पर तुरंत एक्शन लेने की जरूरत है। इसलिए अब हेल्दी मप्र इनीशिएटिव लॉन्च किया गया है।

## बलौदाबाजार शहर में 20 जून तक लागू रहेगी धारा 144

**रायपुर।** बलौदाबाजार शहर में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शासन-प्रशासन सक्रिय है। कलेक्टर ने 10 जून से लागू धारा 144 को बढ़ा दिया है। अब यह 20 जून की मध्य रात्रि तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इस दौरान बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक रैली या कोई जुलूस पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में 10 जून 2024 को हुई घटना के परिप्रेक्ष्य में नगर पालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के तहत धारा 144, 10 जून की रात 9 बजे से 16 जून की मध्य रात्रि 12 बजे तक लागू किया गया था। नगर पालिका सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एवं (2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए धारा 144 की अवधि बढ़ाने का आदेश जारी किया गया है।

### यह रहेगा प्रतिबंधित

इसके तहत नगर पालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक रैली या जुलूस पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। अन्य जिले अथवा बाहरी व्यक्तियों का पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के समूह का नगर पालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति न तो किसी प्रकार का शस्त्र तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छुरा, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशुल, खुकरी, सांग एवं बल्लम अथवा अन्य अस्त्र-शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा। अपवाद स्वरूप जो व्यक्ति शासकीय कर्तव्य पर हैं, वे ड्यूटी के दौरान अस्त्र-शस्त्र धारण कर सकेंगे। ऐसे वृद्ध एवं दिव्यांग जो लाठी के बिना चलने में असमर्थ हैं, वे लाठी का प्रयोग कर सकेंगे।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, चार घायल

**कांकेर।** नरहरपुर थाना अंतर्गत थानाबोडी में आकाशीय बिजली गिरने से 21 वर्षीय युवती की मौके पर मौत हो गई। चार ग्रामीण घायल हो गए। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर में इलाज जारी है। गौरतलब है कि सोमवार सुबह नरहरपुर क्षेत्र में गरज चकम के साथ तेज बारिश हो रही थी। गीतेश्वर कुंजाम 20 वर्ष, नरेश कुंजाम 26 वर्ष, रमाकांत सिन्हा 32 वर्ष, यगुवेन्द्र टेमरे 18 वर्ष और तमेश्वरी सिन्हा 21 वर्षीय ह्रदय राम के घर के बॉडी में काम कर रहे थे। बारिश से बचने के लिए पेड़ का सहारा लेकर सभी अपना मोबाइल इस्तेमाल कर रहे थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी। बताते चलें कि बरसात के दिनों में आकाशीय बिजली अक्सर जानलेवा साबित होती है। खेतों में काम करने वाले, पेड़ों के नीचे पनाह लेने वाले, तालाब में नहाते समय बिजली चमकने पर इसकी आगोश में आने की संभावना अधिक रहती है। पर कुछ उपाय ऐसे हैं जिससे आकाशीय बिजली से बचा जा सकता है। राज्य सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भी लोगों को सतर्क रहने के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है। जब आप घर के भीतर हों तो बिजली से संचालित उपकरणों से दूर रहें, तार वाले टेलीफोन का उपयोग नहीं करना चाहिए। खिड़कियां व दरवाजे बंद कर दें, बरामदे और छत से दूर रहें। इसके अलावा ऐसी वस्तुएं जो बिजली के सुचालक हैं, उनसे भी दूर रहना चाहिए। धातु से बने पाइप, नल, फव्वारा, वॉश बेसिन आदि के संपर्क से दूर रहना चाहिए। इसी तरह जब आप घर के बाहर हैं तो आपको इनसे दूर रहना चाहिए।

## परिणय-सूत्र में बंधे 250 दिव्यांग जोड़े, सीएम साय ने दिया आशीर्वाद

**दुर्ग।** प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय अखिल भारतीय निर्धन दिव्यांग सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बाफना टोल प्लाजा के पास स्थित अग्रसेन भवन में समाजसेवी संस्था आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह में सभी समाज के 250 दिव्यांग जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे। समारोह में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों से लोग आए।

## गंगा दशहरा पर एक साथ हजारों दीयों से जगमगा उठी कन्हर नदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर रामानुजगंज

बलरामपुर रामानुजगंज में ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पावन पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया। गंगा दशहरा के साथ-साथ मां गायत्री जयंती भी धूमधाम से मनाया गया। गंगा दशहरा के आयोजन में सम्मिलित होने हजारों महिलाएं छठ घाट पहुंची थी, सभी महिलाओं द्वारा पूजा-अर्चना के लिए दिया भी लाया गया था। जब आरती के पश्चात नदी में दीप प्रज्वलन हुआ तो एक साथ हजारों दीपों से पूरा छठ घाट जगमगा उठा। हजारों दिनों के एक साथ जलने से अद्भुत दृश्य छठ घाट में देखने को मिला।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मध्य भारत प्रांत की बैठक का समापन

31 जिलों की टोली एवं आठों विभागों की कार्यकारणी ने भाग लिया

## संघ चाहता है कि भारत सर्वोत्कृष्ट बने, हमारा कार्यकर्ता न थकने वाला, न रुकने वाला और न बिकने वाला है : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो दिन से चल रही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक प्रांतीय बैठक 16 जून शाम को संपन्न हुई। इस बैठक में मध्यभारत प्रांत के 31 जिलों की टोली एवं प्रांत के सभी आठों विभागों की कार्यकारणी ने भी भाग लिया। बैठक का शुभारंभ 15 जून को प्रांत के संघचालक अशोक पांडेय और प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया ने भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन करके किया। उद्घाटन सत्र में प्रांत संघचालक पांडेय ने संघ की स्थापना से वर्तमान तक की परिस्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ चाहता है कि भारत विश्व में सर्वोत्कृष्ट बने। स्थापना के समय संघ के लिए अनुकूलता नहीं थी फिर भी संघ ने पूरे देश में प्रसार किया और भारत की स्वाधीनता के लिए सतत संघर्ष किया। सभी प्रतिकूलताओं के बाबजूद संघ समाज जागरण के काम में लगा रहा।





### मध्यभारत प्रांत में 92 पूर्ण मंडल

प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें संघ के विस्तार, शाखाओं की स्थिति एवं प्रशिक्षण के विवरण प्रस्तुत किए। सेठिया ने बताया कि 2023 में 2530 शाखाओं से बढ़कर 2024 में 3072 हो गई हैं। मध्यभारत प्रांत में कुल मंडल 1814 हैं, इनमें संघ कार्ययुक्त मंडल 1544 हो गए हैं। मध्यभारत प्रांत में 92 पूर्ण मंडल हैं, जिसका अर्थ है कि 92 मंडलों के प्रत्येक ग्राम में शाखा है। इसी प्रकार प्रांत में 52 पूर्ण खंड हैं, जिनके प्रत्येक मंडल में संघ की शाखा है।

### 3051 लोगों को मिला प्रशिक्षण

सेठिया ने बताया कि प्रांत में पिछले वर्ष 31 प्राथमिक वर्ग संपन्न हुए थे, जिनमें 3051 लोग प्रशिक्षित हुए। इस वर्ष प्रांत में 41 प्राथमिक वर्ग लगे, जिसमें 3484 लोग प्रशिक्षित हुए। इसी प्रकार घोष प्रशिक्षण वर्ग भी 11 जिलों में लगे, जिनमें 600 घोष वादक प्रशिक्षित हुए। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रांत में दो संघ शिक्षा वर्ग लगे।

### हमारा समाज नागरिक शिष्टाचार का पालन करे

*उन्होंने अरविंद, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर और विवेकानंद ने जो दर्शन बताया डॉ. हेडगेवार ने उसे मूलमंत्र बनाया। उन्होंने कहा कि हमारे संघ का कार्यकर्ता न थकने वाला, न रुकने वाला और न बिकने वाला है। हमारे काम का परिणाम हुआ कि समाज में एक राष्ट्रीय भाव खड़ा हुआ है। समाज में सेवा भाव का जागरण हुआ है।*